समाज के सर्वांगीण विकास और नैतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए मीडिया पहल करे–
प्रो0 दीक्षित

अल्मोड़ा,29सितम्बर। माखन लाल चतुर्वेदी राष्टीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 कमल दीक्षित ने कहा कि आज समाचारों में सत्य खबरों को छिपाकर असत्य खबरों के माध्यम से समाचारों को बिकाउ बनाया जा रहा है। समाज के सर्वागिण विकास और नैतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए मीडिया को सार्थक पहल करना चाहिए। वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अल्मोड़ा द्वारा मीडिया की सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए आध्यात्मिक मूल्य विषय पर नगर पालिका हाल में आयोजित मीडिया सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

आगे प्रो0 दीक्षित ने कहा कि आज समाचारपत्रों में सामाजिक सरोकार हाशिये पर आ गये है। समाज के विकास और उन्नयन की खबरे नगण्य होती जा रही है। सेन्टर फार मीडिया स्टडीज के ताजा सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि आज विकासात्मक खबरें केवल तीन से 9 प्रतिशत तक रह गयी है। मीडिया का वलिष्ठ लोगों के साथ खड़ा होना खतरनाक स्थिति का संकेत है। मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित होने वाला कन्टेन्ट लोगों के दिल और दिमाग दोनों को प्रभावित करता है। समाज में फैल रही हिंसा और अत्याचार को समाप्त करने के लिए मीडियाकर्मियों को एक आध्यात्मिक आन्दोलन की नींव रखनी होगी। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे सामाजिक खबरों को महत्व देते हुए मार्गदर्शक बनें।

मीडिया सेमीनार कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार पी0 सी0 जोशी अध्यक्ष प्रेस क्लब, अल्मोड़ा ने कहा कि मीडिया में जो अवमूल्यन हो रहा है उसका निदान समय की मांग है। आज मीडिया केवल उत्पाद बनकर रह गया है। मीडिया में प्रतिबद्धता और बेचैनी तो आज भी है लेकिन उसका रूप बदल गया है। उन्होंने आयोजक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्था के प्रयास से जरूर एक दिन मीडिया में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा और मीडिया पुनः मिशन के रूप में देश का हितकारी साबित होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ पत्रकार तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देवेन्द्र सनवाल ने कहा कि पत्रकार वही होता है जो समय को बदलता है और उसकी स्थिति को जानता है। आज के लोगों में पहले के विचारकों जैसी भावनाओं और सोच का अभाव हो गया है। मानवता करूणा और नैतिकता पुराने जमाने की बात हो गयी प्रतीत होती है। परन्तु मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और पत्रकार भी एक समाज का अंग है इसलिए उसे इन मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जरूर विचार करना चाहिए। सत्ता में बैठे लोगों का मीडिया को पिछलग्गू बनने से बचने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शोभा जोशी ने कहा आज समाज में नारी सस्क्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि ब्रहमाकुमारीज द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन हेतु एक मील का पत्थर सिद्व होंगे तथा उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आयोजकों से अनुरोध किया साथ ही यह भी आश्वाशित किया कि भविष्य में यथा शक्ति सहयोग दिया जायेगा।

ब्रह्माकुमारीज संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू से आये मीडिया कोआर्डिनेटर ब्र0 कु0 शान्तनु ने कहा कि मीडिया को ऐसी खबरों से बचना चाहिए जो जनहित में न हों। अब लोगों की निगाहें मीडिया पर टिकी है इसलिए मीडिया को समाज का मार्गदर्शक बनने की आवश्यकता है। ब्र0 कु0 कोमल ने विश्वव्यापी संस्था के गतिविधियों से अवगत कराया। अल्मोड़ा सेवाकेन्द्र की प्रभारी ब्र0 कु0 गंगा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा ब्र0 कु0 नीलम ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बी0 के0 वी0 सी0 सती ने किया।

बी0के0 बीना
मुख्य सेवा केन्द्र कुमायूँ
क्षेत्र हल्द्वानी।